Publication: Hindustan	Pg No: 2
Edition – Print	Date – 04.10.2021

सोशल अवार्ड के लिए जिले के दो उद्यमी चयनित

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

राष्ट्रीय स्तर पर दिए जाने वाले पुरस्कार सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द इयर अवार्ड इंडिया 2021 के लिए इस वर्ष गुरुग्राम के दो प्रतिभागी उद्यमियों को चयनित किया गया। इसमें सीमा प्रेम और प्रांशु सिंघल शामिल है। इस वर्ष देशभर से चार प्रभावशाली सामाजिक उद्यमियों को फाइनलिस्ट किया।

गुरुग्राम के सेक्टर-48 से एफआईए ग्लोबल की सीमा प्रेम का एफआईए एक प्रभाव फिनटेक संगठन है, जो दक्षिण एशिया में विशेषकर स्त्रियों के बीच निम्न आय वाले व्यक्तियों के लिए वित्तीय सेवाओं के वितरण के तौर-तरीकों का स्वरूप बदल रहा है। एफआईए के एआई संचालित फिनटेक प्लेटफॉर्म - फिन्वेस्टा अपने बैंकिंग एजेंट्स के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण ग्राहकों के लिए लघु एवं सस्ते वित्तीय उत्पाद का समूह, डिजाइनिंग और वितरण करता है।